न्यूज फटाफट

मिहाड़ा में दो बच्चों को भेंट किए मोबाइल

भराड़ी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा शिक्षा खंड घुमारवीं प्रथम में गरीब बच्चों को ई. किरण फाउंडेशन द्वारा दो मोबाइल फोन वितरित किए गए। कोविड-19 के कारण आजकल बच्चों की ऑनलाइन कक्षाएं चल रही हैं। राजकीय प्राथमिक पाठशाला मिहाड़ा के दो बच्चों के पास मोबाइल खराब हो जाने के कारण सुचारू रूप से अपनी कक्षाएं नहीं लगा पाने से उनकी पढ़ाई का नुकसान हो रहा था। फाउंडेशन द्वारा इन दो बच्चों को मोबाइल फोन वितरित किए गए। इस मौके पर फाउंडेशन की डायरेक्टर किरण देवी, पंचायत के प्रधान प्यारेलाल, मुख्याध्यापिका प्रेमलता, एसएमसी प्रधान बंदना कुमार आदि उपस्थित थे।

बिना तथ्यों के बयानबाजी कर रहे रामलाल

श्री नयना देवी। श्री नयना देवी विस क्षेत्र के विधायक रामलाल ठाकुर सुर्खियों में बने रहने के लिए आए दिन बिना तथ्यों की जानकारी के बयानबाजी करते रहते हैं। इस कारण वह जनता के बीच उपहास का पात्र बन रहे हैं। मंदिर न्यास श्री नयना देवी के न्यासियों में शामिल न्यासी आशुतोष शर्मा, विनोद कुमार, अनीश कौशल, सुखदेव ठाकुर, सेवानिवृत्त तहसीलदार रामपाल ठाकुर एवं नंदलाल ठाकुर आदि ने प्रेस बयान में कहा कि जहां तक मंदिर न्यास में सहायक अभियंता के पद की बात है तो 28 अक्तूबर, 2016 को कांग्रेस की सरकार थी तथा रामलाल ठाकुर 20 सूत्री कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन कमेटी के चेयरमैन थे उस समय के सदर एसडीएम डॉ. हरीश गज्जू की अध्यक्षता में मंदिर न्यास की बैठक हुई थी। इसमें सहायक अभियंता का पद के लिए प्रमोशन का प्रावधान किया गया था तथा उस समय कनिष्ठ अभियंता को सहायक अभियंता बनाया गया था। यह कार्य भाजपा के शासनकाल में नहीं हुआ था तथा ऐसे में रामलाल ठाकुर को इस विषय पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। प्रदेश के अन्य मंदिरों में भी सहायक अभियंता है, लेनिक नयना देवी मंदिर में सहायक अभियंता का पद नहीं होना चाहिए यह बात समझ से परे है।

गुज्जर महासभा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

बरठीं। अखिल भारतीय गुज्जर महासभा की प्रदेश इकाई के सदस्यों मस्त राम, हर्ष कुमार, रत्नलाल, कांशीराम, मोहित कुमार व सीताराम सहित अन्यों ने अध्यक्ष प्रकाश राव के नेतृत्व में डीसी पंकज राय को लेखक मिंया गोवर्धन के खिलाफ शिकायत पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि लेखक मिंया गोवर्धन ने 1985 में हिमाचल प्रदेश इतिहास एवं आर्थिक अवस्था नामक शीर्षक पर पुस्तक लिखी है। और मिनर्वा बुक हाउस शिमला पुस्तक विक्रेता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक के पेज 30 व 31 पर गुज्जर महिलाओं के खिलाफ की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि लेखक ने लिखा है कि गुज्जर महिलाऐं सामान्यत: लंबी व सुंदर होती हैं, लेकिन वह ज्यादा नैतिकतावादी नहीं होती और ये बाजारों में अकेली घूमती व सामान बेचती हैं इसलिए इनके लिए प्रलोभन के अवसर अधिक रहते हैं। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पंक्तियों पर उन्हें कड़ी आपत्ति है। उन्होंने डीसी से मांग की है कि तुरन्त इन पंक्तियों किताब से हटाए जाए व किताब की बिक्री पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि लेखक के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जजरी पंचायत में डिजिटल बैंकिंग की दी जानकारी

बड़सर। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैक समिति शाखा चकमोह व वित्तीय साक्षरता केंद्र गलोड़ की ओर से नाबार्ड के सौजन्य से जजरी पंचायत के ठंकर गांव में वित्तीय साक्षारता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों को बैंक अधिकारियों द्वारा बैंक संबंधित विभिन्न जमा व लोन के संबंधित के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैक समिति शाखा चकमोह के अधिकारी सुनील कुमार ने की। सुनील कुमार ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल बैंकिंग आदि योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अटल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित अन्य योजनाएं चलाई गई हैं। इस अवसर पर बैंक कर्मचारी विजय किरण, अरमेंद्र कुमार, अरुण कुमार, जजरी पंचायत प्रधान सरोती देवी, सरला देवी, अनीता देवी, बवीता, राजकुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, महिंद्र सिंह उपस्थित रहे।

सेल्स ऑफिसर के पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू आज

बिलासपुर। बिलासपुर के जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने बताया कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बिलासपुर द्वारा 40 उत्कर्ष सेल्स ऑफिसर के पदों को भरने के लिए 9 सितंबर को 11 बजे कैंपस इंटरव्यू का आयोजन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय में किया जा रहा है। इंटरव्यू में चयनित किए जाने वाले अभ्यर्थियों को 20 हजार से 30 हजार रुपये तक का मासिक मानदेय दिया जाएगा। इस कैंपस इंटरव्यू में 18 से 45 वर्ष आयुवर्ग के किसी भी विषय में ग्रैजुएट पास या 12वीं पास सेल्स अनुभवी उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों से कैंपस इंटरव्यू में सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने तथा सही ढंग से मास्क पहनने का आग्रह किया है।

पेंशनर्स की जेसीसी बुलाए सरकार: एचआर वशिष्ठ

बरमाणा। प्रदेश पेंशनर्स संघ ने राज्य सरकार से चिरलंबित मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग की है। संघ ने प्रदेश सरकार पर उपेक्षात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। जारी बयान में प्रदेशाध्यक्ष एचआर वशिष्ठ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेके नड्डा, अतिरिक्त महासचिव हुकुम सिंह ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य लेखराम कौंडल व जिला बिलासपुर के प्रधान जगदीश दिनेश ने कहा कि बार-बार आश्वासन देने के बावजूद भी मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने संगठन से पेंशनर्स की समस्याओं पर विचार विमर्श करना उचित नहीं समझा, जबकि पेंशनर्स एसोसिएशन समय-समय पर सरकार का सहयोग करती रही है। आज साढ़े तीन वर्ष के बाद पेंशनर्स की जेसीसी यानी संयुक्त सलाहकार समिति का गठन नहीं हो पाया है। पेंशनर्स के लाखों रुपये के चिकित्सा बिल बरसों से लंबित पड़े हैं। अधिकतर पेंशनर्स जीवन की सांझ में पदार्पण कर चुके हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि शीघ्र पेंशनर्स की जेसीसी का गठन कर बैठक बुलाई जाए, ताकि पेंशनर्स की समस्याओं का निदान हो सके।

जई दिव्या नेगी के निधन पर शोक जताया

बिलासपुर। प्रदेश कनिष्ठ अभियंता संघ ने किन्नौर में गत दिवस सड़क हादसे में काल का ग्रास बनी जेई दिव्या नेगी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है। यहां पर जारी बयान में कनिष्ठ अभियंता संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि दिव्य नेगी भावानगर में कनिष्ठ अभियंता पद पर कार्यरत थी। प्रदेश महासचिव विजय धीमान, प्रदेश मुख्य सलाहकार सीता राम ठाकुर, जिला बिलासपुर प्रधान अनूप गौतम, कोषाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, राजीव चैहान, विजय शर्मा, अनिल चंदेल आदि ने दिव्या नेगी ने आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

निधन पर शोक प्रकट किया

हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्ज संघ हमीरपुर खंड के सदस्य कृष्ण कुमार निवासी वकारटी जिला हमीरपुर के आकस्मिक निधन पर संघ संस्थापक बीड़ी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, जिला प्रधान केसी गौतम, महासचिव शंभूराम जसवाल, प्रधान कर्म चंद, महासचिव नानक चंद शर्मा ने गहरा शोक प्रकट किया है शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके अलावा सालीग्राम ठाकुर, कुलबंत चोपड़ा, राम चंद कटोच, दीप चंद शर्मा, अनिरुद्ध डोगरा, पृथ्वी राज, जोगिंद्र सिंह पुंडीर, प्रेम चंद शर्मा, हेम राज शर्मा, रमेश चंद शर्मा, नानक चंद शर्मा, सुभाष चंद शर्मा, जगदीश चंद शर्मा आदि ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

हिमाचल दस्तक की खबरें पढ़ें अब एक क्लिक पर। अभी लॉगिन करें **www.himachaldastak.com**
epaper.himachaldastak.com

किसान संघ ने बोला हल्ला

बिलासपुर में समर्थन मूल्य को लेकर किया प्रदर्शन

- **कहा, समर्थन मूल्य से कम न खरीदी जाए किसानों की फसल**
- **डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री व सीएम को भेजा ज्ञापन**

बिलासपुर। डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन करते भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी।

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बिलासपुर

बिलासपुर जिला मुख्यालय पर समर्थन मूल्य को लेकर भारतीय किसान संघ की जिला इकाई ने अध्यक्ष प्यारू राम सांख्यान की अगुआई में राष्ट्र व्यापी आह्वान आहवान पर धरना-प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। संघ ने डीसी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भेजा। प्यारू राम सांख्यान ने कहा कि किसानों को उनकी फसल का दाम सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य से कम दाम मिल रहे हैं, जो मंडी भाव से भी कम होता है। इस कारण बड़े उद्योगपति किसानों की फसल को बहुत कम दामों पर खरीद लेते हैं। उसी अनाज को बाद में महंगे दामों पर बेच देते हैं। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अनाज की खरीद मामले में किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर न खरीदी जा सके और न बेची जा सके। बल्कि इसकी एक सीमा तय की जाए। इस अवसर पर संघ के घुमारवीं ब्लाक अध्यक्ष विचित्र सिंह चौहान व सत्यपाल वर्मा ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही है। इससे हिमाचन में किसानों की फसल के दाम सरकार द्वारा तय समर्थन मूल्य से कम दाम मिल रहे हैं। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार से किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। संघ ने कहा कि केंद्र सरकार ने यदि दस दिन के भीतर किसान संघ की मांगों पर गौर नहीं किया तो संघ सड़कों पर उतरने पर बाध्य होगा। इस अवसर पर बलबीर चंदेल, देवी राम ठाकुर, उत्तम चंद चंदेल, विनोद कुमार, रणजीत सिंह, जिला सदस्यता प्रमुख लेख राम कौंडल, जरनैल सिंह, नंद लाल कपिल, बाबू राम राणा, मोहिंद्र सिंह, सोम लाल आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने स्थगित किया विरोध प्रदर्शन व रैली

हमीरपुर। जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर की ओर से जन साधारण से संबंधित कई वर्तमान ज्वलंत मुद्दों को लेकर वर्तमान केंद्र व प्रदेश की भाजपा शासित सरकारों की इस प्रकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर घेरना और उनके विरुद्ध प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन पूर्व विधायिका हमीरपुर उर्मिला ठाकुर के पति व वर्तमान भाजपा विधायक हमीरपुर नरेंद्र ठाकुर के बड़े भाई भूपेंद्र सिंह ठाकुर के निधन पर स्थगित कर दिया है। यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के अध्यक्ष राजेंद्र जार ने दी। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों को लेकर कांग्रेस पार्टी हमेशा संवेदनशील रही है। वहीं, कांग्रेस विधायकों इंद्रदत्त लखनपाल व राजेंद्र सिंह राणा, पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया, अनीता वर्मा आदि ने दिवंगत भूपेंद्र ठाकुर की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

डीसी ने लिया विकास कार्यों का जायजा

मैहरे में मिनी सचिवालय के लिए प्रस्तावित साइट का किया निरीक्षण

हिमाचल दस्तक। हमीरपुर

विकास कार्यों का निरीक्षण करतीं डीसी देबश्वेता बनिक।

डीसी देबश्वेता बनिक ने बड़सर उपमंडल का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया तथा क्षेत्र में प्रस्तावित बड़ी योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से फीडबैक लिया। उन्होंने मैहरे में मिनी सचिवालय के लिए प्रस्तावित साइट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी ने राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मिनी सचिवालय के निर्माण के लिए सभी औपचारिकताएं तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने बड़सर में बस स्टैंड के लिए प्रस्तावित जमीन का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से कहा कि वे सभी औपचारिकताएं अतिशीघ्र पूरी करें। एसडीएम कार्यालय और तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को आम लोगों से संबंधित सभी समस्याओं और आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए, ताकि इन लोगों को दफ्तरों के बार-बार चक्कर न काटने पड़े। इस अवसर पर एसडीएम शशि पाल शर्मा, राजस्व विभाग और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उपायुक्त के समक्ष मिनी सचिवालयए बस स्टैंड और अन्य विकासात्मक कार्यों से संबंधित विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

नहीं रुकेगा सुजानपुर का विकास विरोधी चाहे पूरी ताकत लगा लें: राणा

हिमाचल दस्तक। सुजानपुर

- **20 लाख के करीब की राशि विभिन्न गांवों को की जारी**

राज्य कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं विधायक राजेंद्र राणा ने बुधवार को विभिन्न विकास कार्यों के लिए 19 लाख 82 हजार रुपये विधायक निधि से जारी करने की घोषणा की। राणा ने मझोग ग्राम पंचायत के मझोग राजपूतां के बारात घर की मरम्मत के लिए 45 हजार रुपये, कक्कड़ ग्राम पंचायत के जियाणा गांव के रास्ते की मरम्मत के लिए 35 हजार रुपये, कुठेड़ा पंचायत में संपर्क मार्ग के लिए 1 लाख 25 हजार, उबक गांव के सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 2 लाख, मति टिहरा ग्राम पंचायत के खसग्रां के पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 75 हजार, सियुणी गांव में पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 40 हजार, पटनौण ग्राम पंचायत के बैहडरु गांव के पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 60 हजार, सिकांदर ग्राम पंचायत के सिसवां गांव में पुली के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 2 लाख, उटपुर ग्राम पंचायत के ताप गांव की संपर्क सड़क निर्माण के लिए 2 लाख, बजरोल ग्राम पंचायत के पलगु गांव के पक्के रास्ते के निर्माण के लिए 1 लाख, डेरा ग्राम पंचायत के चरोट गांव में संपर्क सड़क की मरम्मत के लिए 1 लाख 25 हजार, महिला मंडल खिड़की, चरोट, सुधराणा, धार, बगहेड़ा व ताप को 10-10 हजार, महिला मंडल चाहड, झनिक्कर, छत्रैल, बारी, महाड़े, अप्पर दरोगण, दरकोटी, नौहंगी, झोंकर, गब्बा व टपरे को 12-12 हजार व 35 सोलर लाइटें लगाने के लिए 4 लाख 80 हजार रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वह सुजानपुर के विकास को लगातार जारी रखने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को रुकने नहीं दिया जाए। वर्तमान दौर में प्रदेश में सत्तासीन है, वह सुजानपुर के विकास को लगातार रोकने का पूरा प्रयास कर रही है। राणा सुजानपुर के विकास के लिए वचनबद्ध है।

बिखरता कुनबा और गिरते ग्राफ से बढ़ी राणा की टेंशन

सुजानपुर। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में अपना बिखरता कुनबा और गिरता ग्राफ देखकर राजेंद्र राणा की टेंशन बढ़ गई है। यही कारण है कि अब विधायक कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो रहे लोगों को डराने धमकाने की राजनीति पर उतारू हो गए हैं। यह बात सुजानपुर भाजपा मीडिया प्रभारी विनोद ठाकुर ने प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पंचायत उटपुर दर्जनों परिवार कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपनी मर्जी सहमति और बिना किसी प्रलोभन के शामिल हुए थे। लेकिन विधायक की घटिया राजनीति उस समय उजागर हुई जब महिला मंडल सम्मानित करने के बहाने उन्होंने भाजपा में शामिल हुए लोगों को प्रलोभन देते हुए राशन एवं अन्य सुविधाएं देने के बहाने अपने पास बुलाया और फिर एकाएक उनके गले में कांग्रेस के पटके डाल दिए। और बाद में सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दी कि यह लोग फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं।

भाषण प्रतियोगिता में अशरफ और चित्रकला में शिवानी प्रथम

नादौन। जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर स्थित गौना करौर में विश्व साक्षरता दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता सहित लघु नाटिका मंचन तथा संगीत में भाग लिया। संस्थान के प्रधानाचार्य धर्मपाल ने विश्व साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। भाषण प्रतियोगिता में अशरफ प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय तथा साधना तृतीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, शिखा ने द्वितीय तथा आरती व सपना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रशिक्षुओं संदीपिका, श्रद्धा, ज्योति, अंकुल ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। साक्षरता पर आधारित संगीत में सुरजीत व उनके साथियों ने भी प्रस्तुतियां दी।

काबिलियत के दम पर नित आगे बढ़ रहे अनुराग

हमीरपुर। अपनी काबिलियत और प्रतिभा के दम पर हमीरपुर के होनहार सांसद अनुराग ठाकुर केंद्र सरकार में, राष्ट्रीय राजनीति में व संगठन में नित आगे बढ़ रहे हैं। हमीरपुर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुश दत्त शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को उत्तर प्रदेश का चुनाव सह प्रभारी बनाए जाने पर बधाई देते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में अनुराग ठाकुर को केंद्र सरकार में बतौर राज्य मंत्री बढ़िया परफॉर्मेंस दिखाने पर, पदोन्नति देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूचना प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए कैबिनेट मंत्री बनाया था। अब महत्वपूर्ण जिम्मेदारी राष्ट्रीय संगठन ने उनको सौंपी है।

भोरंज में सियासी घमासान के बीच पवन कुमार की चर्चा ने पकड़ा जोर

रविंद्र चंदेल। हमीरपुर

पंचायती राज चुनावों में लगातार दो दशकों से अपनी लोकप्रियता की सर्वोच्चता स्थापित व साबित करते आ रहे जिला परिषद सदस्य भोरंज के पवन कुमार किसी भी सियासी दल के लिए बेहतर विकल्प हो सकते हैं। पवन कुमार हमेशा से अपने गृह वार्ड को छोड़कर अपनी राजनीतिक प्रतिभा का लोहा बाहरी वार्डों में मनवाते आ रहे हैं।

भोरंज में दोनों ही मुख्य पार्टियों कांग्रेस व बीजेपी में मची धमाल-चौकड़ी के बीच युवा पवन कुमार निर्विवाद नेता बनकर उभरे हैं। पवन कुमार की बतौर जन स्वीकार्यता भी काफी बेहतरीन स्तर रखती है। आम आदमी की सहज पहुंच में रहने वाले पवन कुमार भोरंज की जनता के बीच सहज पहुंच रखते हैं। शायद यही कारण है कि दोनों दलों में चली आपसी बैर विरोध की राजनीति के बीच भोरंज के पवन कुमार को क्षेत्र के सियासी समीकरणों के बीच एक अच्छे विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। भोरंज संघर्ष समिति के मंच का सहयोग समर्थन पवन कुमार की आगामी टिकट की दावेदारी को और भी पुख्ता व सशक्त साबित कर रहा है। क्योंकि भोरंज के हर चुल्हे चौके तक भोरंज संघर्ष समिति की पहुंच पहचान है। भोरंज संघर्ष समिति एक ऐसा मंच है, जिसका संचालन संगठन को वर्षों तक चलाने का अनुभव रखने वाले युवा नेता व पूर्व संघ प्रचारक विवेक ठाकुर कर रहे हैं, जिनका मकसद सियासत से बढ़कर सेवा साधना का रहा है और रहता है। भोरंज संघर्ष समीति का साथ, सहयोग व समर्थन पवन कुमार को क्षेत्र में और भी मजबूत बनाकर उभार रहा है। उधर प्रत्यक्ष और परोक्ष पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान भी 2022 के चुनाव के लिए अपनी दावेदारी का दावा कर चुके हैं। रिजर्व भोरंज में महिला विधायक कमलेश कुमारी का टिकट कटना असंभव सा तर्क है। क्योंकि कमलेश कुमारी अभी युवा हैं। महिला कोटे के साथ-साथ रिजर्व कैटेगरी कोटे की फॉर्मेलिटी को भी फुलफिल करती हैं। ऐसे में उनके टिकट कटने की बात बेमानी सी लगती है, लेकिन भोरंज के भाजपाईयों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि जब तक भोरंज में कमलेश कुमारी की सियासी पारी समाप्त होगी तब तक उनके पति की रिटायरमेंट हो जाएगी। विधायक दंपति से आरएसएस की निष्ठाएं भी किसी से छुपी नहीं हैं। ऐसे में आने वाले चुनाव में बीजेपी के लिए भोरंज में क्या समीकरण बनते हैं देखने वाली बात होगी। बहरहाल भोरंज में भी अन्य कई विधानसभा क्षेत्रों की तरह बीजेपी ही बीजेपी के रडार पर है। इसके एक धड़े का नेतृत्व स्वयं विधायक कमलेश कुमारी करती हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व करते हुए अनिल धीमान के रडार पर सदा से पहला धड़ा रहा है। ऐसे में जनता में पवन कुमार की स्वीकार्यता का बढ़ना पार्टी में विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है। इसकी जोरदार पैरवी अभी से भोरंज संघर्ष समिति कर रही है।

न्यूज फटाफट

झूठे वादों की पोल खोलने के लिए चलाएंगे अभियान

बरठीं। पंचायत बैहनाब्राह्मणा के कोहली गांव के लोग आज भी बीमार मरीजों को सड़क तक पहुंचाने के लिए पालकी का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सुधीर कुमार सुमन ने कहा कि भाजपा विधायक ने चुनाव के समय जनता से वादा किया था कि चुनाव जीतने के बाद बस्ती से होती हुई मात्र एक किलोमीटर कच्ची सड़क को पक्का कर दिया जाएगा। लेकिन विधायक जीतराम कटवाल चार साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद भी इस सड़क को पक्का नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि झंडुता में कांग्रेस पार्टी विधायक द्वारा जनता से किए गए झूठे वादों की पोल खोलने के लिए लोगों से मिलकर अभियान चलाएगी।

बिलासपुर के मंदिरों का जीर्णोद्धार आवश्यक: संदीप

बिलासपुर। बिलासपुर जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव संदीप सांख्यान ने प्रदेश सरकार के प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार करने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। प्रेस बयान में कहा कि पुराने बिलासपुर शहर 8वीं से 15वीं सदी के बीच बने ऐतिहासिक और प्राचीन मंदिर भी जलमग्न हो गए थे, लेकिन उनके जीर्णोद्धार के लिए कोई भी सार्थक प्रयास आज तक नहीं किए गए। 1961 में भाखड़ा बांध में पानी छोड़ने के बाद बिलासपुर में गोबिंद सागर झील बनी थी। झील में पुराने बिलासपुर ने जलसमाधि ले ली थी। अभी तक बिलासपुर की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक धरोहर पुराने बिलासपुर के मंदिरों को को पानी से अपलिफ्ट कर पुनः विस्थापित किया जाना चाहिए।

एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन वर्षाशालिका लोगों को समर्पित

बरमाणा। एनटीपीसी कोलडैम स्टेशन द्वारा सामुदायिक विकास के तहत गांव जमथल तथा हरनोडा में सड़क के किनारे छह अलग-अलग स्थानों पर वर्षाशालिकाओं का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जमथल स्थित वर्षा शलिका का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जिसे कोलडैम परियोजना प्रमुख नंदन सिंह ठाकुर ने जमथल पंचायत की प्रधान कल्पना देवी तथा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर दिग्विजय प्रसाद सिंहए अपर महाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध तथा कोलडैम स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

भाजपा कार्यकाल में महंगाई चरम पर: रामलाल

श्री नयना देवी। आपका विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व मंत्री एवं विधायक रामलाल ठाकुर ने पंचायत मजारी, दबट, रोडजम्मन, लैहडी, तरसुह पंचायतों का दौरा कर लोगों की समस्याओं को सुना। रामलाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई आज चरम सीमा पर है। डीजल, कीटनाशक, बीज, खाद के मूल्य आसमान पर हैं और किसान की फसल का सही दाम किसानों को नहीं मिल रहा है। प्रदेश में सरप्लस बिजली पैदा होने के बावजूद प्रतिदिन बिजली की दरें बढ़ाई जा रही हैं जो कि किसानों ओर गरीब लोगों के साथ अन्याय है। एलपीजी का गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार के करीब पहुंच चुका है। चंगर क्षेत्र में चल रहे रेलवे प्रोजेक्ट में स्थानीय लोगों को रोजगार ना देकर भाजपा नेताओं के कुछ चहेते लोगों को काम दिलवाया जा रहा है। अगर रेलवे कंपनी स्थानीय लोगों को काम नहीं देती है तो वह लोगों को साथ लेकर धरना प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

चेतना संस्था में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

बरठीं। चेतना संस्था विजयपुर में विशेष शिक्षण केंद्र के विशेष बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन शिक्षण केंद्र की प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में डॉ. नवनीत एवं डॉ. प्रीती ने दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयों दीं। इस अवसर पर चेतना संस्था के निदेशक अरुण कुमार गौतम, विपाशा ठाकुर, मीना कुमारी, अनुराधा आदि मौजूद रहे।

करियर प्वाइंट विवि ने जारी की बी-फार्मा कोर्स के लिए चयनित छात्रों की सूची

भोरंज। करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में फार्मा कोर्स की 60 सीटों के लिए जो आवेदन आए थे उसमें चयनित छात्रों की सूचि को विवि ने जारी कर दी है। चयनित छात्र 11 सितंबर, 2021 से पहले अपनी फीस जमा करवाकर अपनी एडमिशन कंफर्म करवा सकते हैं। अन्यथा जो छात्र प्रतीक्षा सूची में हैं उन्हें सीटें आवंटित कर दी जाएगी।

लोक कलाकारों ने योजनाओं की जानकारी

हमीरपुर। प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत हमीरपुर जिले में सांस्कृतिक दल जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। त्रिवेणी कला मंच के लोक कलाकारों ने सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव दाड़ला और पसतल, साहिल म्यूजिकल ग्रुप ने नादौन विस क्षेत्र के गांव गारनी और अमलैहड़ में, स्वस्तिक कला मंच ने भोरंज विस क्षेत्र के गांव अमरोह और बडैहर, सरस्वती कला मंच ने बड़सर विस क्षेत्र के गांव घंगोट खुर्द और दरकोटी तथा जीवन म्यूजिकल ग्रुप के लोक कलाकारों ने हमीरपुर विस क्षेत्र के गांव कुसवाड़ और नेरी में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कलाकारों ने लोकगीतों, लोकसंगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इसी कड़ी में 9 सितंबर को सुजानपुर के गांव पनोह और टीहरा में, नादौन के गांव बसारल और टिल्लू, भोरंज के बजड़ोह और चंबोह, बड़सर के पथलियार और रोपड़ी, हमीरपुर विस क्षेत्र के गांव बकारटी और खटवीं में जागरुकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

निधन पर जताया शोक

हमीरपुर। हमीरपुर की पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर के पति भूपेंद्र ठाकुर का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर राज्य कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं सुजानपुर विधायक राजेंद्र राणा, प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के चेयरमैन व प्रवक्ता अभिषेक राणा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लेखराज ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन ज्योति प्रकाश, नगर परिषद अध्यक्ष वीना धीमान, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन अटवाल, पार्षद मुनीष गुप्ता, पार्षद दीप कुमार, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष संदीप मेहरा आदि दुख प्रकट किया है।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड INOXWIND

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975 272001 | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com

शेयरधारकों हेतु 12वीं वार्षिक आम बैठक, पुस्तक बंदी तथा ई–वोटिंग से सम्बंधित सूचना की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की **बारहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 30 सितम्बर, 2021 को 2:00 बजे अपराह्न (भारतीय मानक समय)** पर, कम्पनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') के लागू होने योग्य प्रावधानों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ('सेबी') द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/ अन्य ऑडियो–विजुअल मीन्स (ओएवीएम) सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। सदस्य केवल वीसी/ ओएवीएम सुविधा के माध्यम से ही एजीएम में भाग लेने में सक्षम होंगे।

12वीं एजीएम की सूचना एवं वित्तीय वर्ष ('वित्तीय वर्ष') 2020–21 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई हैं जिनका ईमेल पता कम्पनी अथवा डिपॉजिटरीयों के साथ पंजीकृत है। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट www.inoxwind.com; स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com; तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध हैं।

अधिनियम की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन नियम), 2014 के नियम 10 एवं सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 42 के अनुपालन में, एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण पुस्तकें शुक्रवार, 24 सितम्बर, 2021 से बृहस्पतिवार, 30 सितम्बर, 2021 (दोनों दिवस सम्मिलित) तक, एजीएम के उद्देश्य से, बंद रहेंगी।

कम्पनी ने, कट–ऑफ तिथि अर्थात् बृहस्पतिवार, 23 सितम्बर, 2021 के अनुसार, भौतिक अथवा डीमैट तौर पर शेयरों की प्रतिरक्षा करने वाले अपने सभी सदस्यों हेतु एजीएम में पारित होने वाले प्रस्तावों के सम्बन्ध में, सीडीएसएल के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ई–वोटिंग सुविधा ('रिमोट ई–वोटिंग' एवं 'एजीएम के दौरान ई–वोटिंग') की व्यवस्था की है। केवल उपर्युक्त कट–ऑफ तिथि पर कम्पनी के शेयरों को प्रतिरक्षित रखने वाले सदस्य ही ई–वोटिंग सुविधा का लाभ पाने हेतु योग्य होंगे। वोटिंग का अधिकार (ई–वोटिंग सुविधा हेतु) कट–ऑफ तिथि के अनुसार कम्पनी के सदस्य(ओं) के नाम पर पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर आंकलित किया जाएगा। सभी योग्य सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे ई–वोटिंग सुविधा की समय–सारणी का ध्यान रखें:

विवरण	दिनांक
वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण पूर्ण होने की तिथि	सितम्बर 8, 2021
रिमोट ई–वोटिंग आरम्भ होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 27, 2021, प्रातः 9:00 बजे
रिमोट ई–वोटिंग समाप्त होने की तिथि एवं समय	सितम्बर 29, 2021, सायं 5:00 बजे
एजीएम के दौरान ई–वोटिंग की तिथि	सितम्बर 30, 2021
परिणाम की घोषणा की तिथि	एजीएम के समापन के 2 कार्य दिवस के अन्दर

सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनने वाले सभी योग्य सदस्य एवं व्यक्ति, ई–वोटिंग सुविधा, वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने/ भाग लेने हेतु प्रणाली तथा सदस्यों का ईमेल पता एवं फोन नंबर पंजीकृत/ अद्यतन करने हेतु एजीएम की सूचना में उल्लिखित निर्देशों का पालन कर सकते हैं। रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने वाले सदस्य वीसी/ ओएवीएम के माध्यम से बैठक में उपस्थित हो सकते हैं, परन्तु एजीएम के दौरान पुनः अपना वोट डालने हेतु अधिकृत नहीं होंगे। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को तदनंतर उन्हें बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त समय–सारणी में निर्दिष्ट तिथि एवं समय के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, श्री राकेश दल्वी, वरिष्ठ प्रबंधक, सीडीएसएल, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013, ईमेलः helpdesk.evoting@cdslindia.com, दूरभाषः 022–23058542/43, से संपर्क कर सकते हैं।

मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 8 सितम्बर, 2021